तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 27 मई 2025

14 नक्सलियों की मांद में आयोजित सुशासन...



14 सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम को लेकर फुटबॉल एवं क्रिकेट...





## खबर संक्षेप

### राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर आज पहुँचेंगे कांकेर



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 27 एवं 28 मई को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास के दौरान कानून एवं शांति-सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के तहत हेलीपेड स्थल में एसडीएम चारामा नरेन्द्र कुमार बंजारा, जिला पंचायत प्रवेश द्वार हेतु नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन, जिला पंचायत मीटिंग हॉल में डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज और तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र की ड्यूटी लगाई गई है। सर्किट हाउस विश्राम गृह के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष देव साहू, तहसीलदार नरहरपुर पौरस बेताल एवं नायब तहसीलदार सरोना संजय कुमार राय की ड्यूटी। तहसीलदार सरोना मोहित साहू का पुराना कचहरी परिसर लाइब्रेरी भवन तथा जंगलवारफेयर कॉलेज भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर एवं एसडीएम अरूण कुमार वर्मा कानून व्यवस्था के सम्पूर्ण कार्यप्रभार पर रहेंगे।

### उसेह मुदिया करसाड़ में विधायक मंडावी ने पेन व्यवस्था को जाना



**दुर्गूकोंदल।** जिले के सुदूर अंचल विकासखंड कोयलीबेड़ा के मोड्डेमरका में भोमराकोट पहाड़ के पास आयोजित उसेह मुदिया करसाड़ में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी शामिल हुई। उसेह मुदिया करसाड़ जो कि पेन समुदाय के सदस्यों के लिए एक साथ आने और अपने समुदाय के नियमों रीति- रिवाजों और परंपराओं को करीब से जानने का महा उत्सव है, जो सात साल के अंतराल में एक बार आयोजित होता है। विधायक ने पेन व्यवस्था को करीब से जाना। इस दौरान उन्होंने उसेह मुदिया के साथ साथ मंडावी लोगों के राऊर धनोरा, कोण्डागांव से पधारे खण्डा मुदिया का आशीर्वाद लिया।

### अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर हुई संगोष्ठी



**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के द्वारा लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर अयोजित संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवा की शासिका रही। अहिल्या बाई होलकर अपने कुशल प्रशासन तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के कारण प्रजा में लोकप्रिय थी। वे अपने जीवन काल में प्रजाजनों के दिलों में देवी के रूप में स्थापित हो गई थी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, मोतीराम नाग, नम्मु राम खरे, कृष्ण कुमार हुपेन्डी, चमन यादव, हेमलाल गढीया, पुरन कृषान, फगनू यादव, कृष्णा कुमार साहू, सालिकराम कुलदीप, लक्षिन्दर नाग , देवेन्द्र साहू , मिथलेश मंडावी , टाकेश धनकर , देवेन्द्र यदु, लिलेश साहू एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 को 1475 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 29 मई गुरूवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के शेष पेज 12 पर

## दुर्घटना : दो बाइक में आमने सामने हुई भिड़ंत, दो गंभीर

# दो अलग- अलग हादसों में दो की मौत, 10 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल/चारामा

- मचांदुर में कार व टैंकर में हुई भिड़त, कार में सवार सात लोग घायल
- माकड़ी के पास कार व टैंकर में हुई भिड़त, कार सवार बाल बाल बचे

गुरदाटोला में बीती रात को लगभग 8 बजे के आसपास दो मोटर सायकल में भिड़त हो जाने से दो युवक मौत के आगोश में समा गए, वहीं दो युवक अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बीती रात को हुए दो सड़क हादसे में 10 लोग घायल हुए, जिसमें दो की हालत नाजुक है। यातायात पुलिस के द्वारा जागरुकता अभियान चलाए जाने के बाद भी जिम्मेदार नागरिक यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे, जिसके कारण हादसों में कमी आने के बजाय हादसे लगातार बढ़ते जा रहे है।

कोड़कुर्से थानांतर्गत सुरूंगदोह निवासी मृतक संदीप कोमरा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 7152 से अपने दादा को लेने के लिए ग्राम कराकी जा रहा था, वहीं मृतक संदीप कोमरा ग्राम सुरूंगदोह निवासी अपने दादा को लेने ग्राम कराकी जा रहा था। सामने की ओर से मृतक कृष्ण कुमार कोवाची ग्राम भुरके निवासी अपने अन्य दो साथियों के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एई 9356 से विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गुरवण्डी जा रहे थे।

ग्राम गुरदाटोला के आसपास तेज रफ्तार से बाईक को चला रहे दोनों बाइक सवार नियंत्रण खो बैठे और आमने सामने टकरा गए। मोटर सायकल के आमने सामने टकराने से दोनों मोटर सायकल के चालक और अन्य दूर सड़क पर जा गिरे। दोनो मोटर सायकल के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक मोटर सायकल को सुरूंगदोह निवासी संदीप कोमरा नाबालिग युवक चला रहा था और वहीं दूसरी मोटर सायकल में तीन लोग सवार थे, उसके चालक की मौत हुई। दोनों मोटर सायकल के चालक नियमों को ताक में रखकर वाहन को चला रहे थे। नाबालिक को मोटर सायकल देने परिजनों को मंहगा पड़ गया।







### पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा

*थाना प्रभारी कोड़ेकुर्से योगेश सोनी ने बताया कि गुरदाटोला गांव के आसपास 25 मई की रात्रि करीबन 8 बजे दो बाइक तेज रफ्तार के चलते आपस में टकरा गई, जिसमें दो युवकों की मौके पर मौत हो गई है और दो गंभीर रूप से घायल है। दोनों मृत युवकों का पीएम करवाया गया और शव को परिजनों को सौंपा गया।*

### सड़क हादसों में नहीं लग रहा विराम

*सड़क हादसों में विराम लगने के बजाय प्रतिदिन हादसें के आंकड़ों में बढ़ोत्तरी हो रही है। यातायात विभाग के अनुभवी अफसरों की माने तो समझाइश दिए जाने के बाद युवा वाहनों को तेज रफ्तार में दौड़ाते है और हादसे के दौरान वाहन को कंट्रोल करने के बजाए अनियंत्रित हो जाते है, जिससे हादसा वीभत्स हो जाता है। इसके अलावा मालवाहक वाहनों के चालक वाहन को चलाते समय मोबाईल का उपयोग करते है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आई है।*

### टैंकर और नई कार में आमने सामने भिड़ंत, 7 घायलों में 2 गंभीर





**चारामा।** बीती रात को लगभग 1 बजे के आसपास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मचांदुर नाका के पास एच पी पेट्रोलियम वाहन क्रमांक सीजी 27 बी 7799 रायपुर से कांकेर की ओर जा रहा था वहीं कार क्रमांक सीजी CG04 क्यूई 5750 कांकेर से रायपुर की ओर जा रहे थे। कार में सवार 7 लोग घायल हुए, जिसमें 2 की हालत गंभीर है। कार में सवार एक ही परिवार के है, जो रायपुर के महावीर नगर के निवासी है। घटना की खबर मिलते ही चारामा पुलिस मौके पर पहुँची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के उपरांत सभी घायलों को हायर सेंटर रिफर किया गया। कार में सामने बैठे लोग एयरबैग खुलने से पूरी तरह बच गए, वहीं पीछे बैठे लोग घायल हो गए। घायलो में दो की हालत नाजुक है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित परिवार के सदस्य एफआईआर दर्ज कराने थाना नहीं पहुँच पाएं।

### माकड़ी के आगे ट्रक व कार में भिड़ंत, बाल बाल बचे





**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बीत रात को लगभग साढ़े 10 बजे के आसपास कार क्रमांक सीजी 24 एस 8225 का चालक कृष्ण कुमार ठाकुर निवासी कोचवाही थाना चारामा कांकेर से मरकाटोला जा रहे थे। कार का चक्का फटने से कार अनियंत्रित होकर सामने की ओर से आ रही टैंकर गाड़ी क्रमांक सीजी 07 सीजी 2764 से टकराकर कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। कार में सवार और टैंकर चालक को चोट नहीं आई, परंतु हादसा गंभीर होने के कारण एक घंटे तक जाम लग गया था। वाहनों को देखकर लग रहा था कि बड़ा हादसा हुआ होगा, परंतु कार में सवार दो लोग बाल बाल बच गए। घटना की खबर मिलने पर मौके पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम पहुँची और घटना के बारे में उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया। यातायात की दूसरी टीम पहुँचकर दुर्घटनाग्रस्त हुए दोनो वाहनों को सड़क किनारे खड़ी करवाकर यातायात को बहाल करवाया।

## मनरेगा के काम पर जाती महिला से विवाद, रिपोर्ट दर्ज

- विवाद बढ़ने पर हुई थाने में शिकायत

**कांकेर।** रोजगार गरंटी में काम करने जा रहें पति पत्नी के साथ गांव के अन्य महिला का बहस हो गया। मुहल्ले में हो रही बहस को सुनकर आरोपी महिला का पति भी घर से बाहर निकला और गाली देना शुरू कर दिया। आरोपियों द्वारा जान से मारने और गाली देने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। दुधावा चौकी में शिकायत करने पहुंचे भीमाडीह निवासी शोभाराम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरी पत्नी ललेश्वरी और पड़ोस में रहने वाली रेखा विश्वकर्मा के साथ 25 मई को सुबह 6 बजें रोजगार गांरटी में गोदी खोदने तालाब जा रहे थे। तभी मेरे घर के पास रहने वाली रूपोतिन नेताम गली में झाड़ू लगा रही थी। हम लोगों को देखकर गाली देना शुरू कर दिया और बोली कि कमा कमाके पैसा बना रहे हो, पक्का घर बना लिए हो। उसकी बात को सुनकर हम लोग बोले तुम लोग भी काम करने जाओ, घर में बैठे रहते हो तुम्हारा नाम भी रोजगार गांरटी में आया है। ऐसा बोलने पर उसका पति किसून नेताम घर से बाहर आया और हमें देखकर गाली देने लगा। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और आरोपी रूपोतिन व उसका पति किसून की हरकत से हम लोग हतप्रभ रह गए और हम लोगों को डर है कि आरोपियों के द्वारा फिर से विवाद खड़ा कर सकते है।

पीड़ित की शिकायत पर दुधावा चौकी की पुलिस ने एहतियात बरतते हुए आरोपी किसून नेताम और उसकी पत्नी रूपोतिन नेताम के खिलाफ धारा 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बदतमीजी करने वाले युवक ने हाथ मुक्का से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिकायत पर दर्ज हुआ मामला

शहर के नया बस स्टैण्ड के पास बत्तमीजी से बात करने की बात को लेकर आरोपी ने रायपुर निवासी व्यक्ति के साथ मारपीट कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए रायपुर निवासी व्यक्ति को हाथ मुक्का व लात से हमला करने के कारण चोट आई है। रायपुर निवासी व्यक्ति के भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा कांकेर निवासी 41 वर्षीय मो. इरफान पिता मो. इलियास ने पुलिस को बताया कि 26 मई की सुबह साढ़े 8 बजे नया



बस स्टैण्ड कांकेर में संजय नगर कांकेर निवासी सद्दाम पिता हैदर मेरे पास आया और मेरे चाचा रायपुर निवासी फिरोज खान के साथ बत्तमीजी से बात करते हुए गाली देने लगा। मेरे चाचा ने आरोपी को गाली देने से मना किया। परंतु आरोपी आक्रोश में आकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट करने लगा। हम लोगों और अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। उसके बाद भी वो लगातार मारपीट करते रहा। मारपीट करने से बाएं आंख, हाथ, पैर और पीठ में चोट आयी। आरोपी युवक बस शेष पेज 12 पर

## पैसे को चार गुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रियल स्टेट, फारेक्स ट्रेडिंग में निवेश कराकर आमजन से लाखों रुपए की

- तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल

धोखाधड़ी करने वाले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली। आरोपी रियलस्टेट व फारेक्स ट्रेडिंग, अफशा प्रापटी प्राईवेट लिमिटेड और आगाज इंफ्रा मल्टी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड के नाम से धोखाधड़ी करते थे। जमीन खरीदी बिक्री में 200 प्रतिशत का केशबेक व साथ गिफ्ट में कार देने का लालच देकर लोगों से रकम जमा करवाकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। कांकेर पुलिस ने टीम बनाकर रायपुर ,दुर्ग एवं कोरबा



शहर में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया, अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

कांकेर थाना में 21 मई को बालोद जिला के ग्राम बोरी निवासी 59 वर्षीय चेतन लाल साहू पिता स्व. कार्तिक राम साहू ने पुलिस को फाउंडर जगनाश टांडी और सीईओ अंजूलिका पटेल एवं कोर कमेटी के सदस्य जयप्रकश बघेल एंव अन्य आरोपियों द्वारा आम लोगों के साथ धोखाधड़ी करने की योजना बनाकर षडयंत्र पूर्वक उक्त कम्पनी में रकम निवेश कराकर रकम वापस नहीं कर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से 72 लाख रूपएं का धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया था। प्रकरण में उच्चाधिकारियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला, एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन, एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित कर आरोपियों के निवास स्थानों में दबिश दिया गया। कार्यवाई के दौरान जितेन्द्र देशमुख, जयप्रकाश बघेल एवं अंजुलिका पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी रायगढ़ शेष पेज 12 पर

## नवविवाहिताओं में इस व्रत को लेकर विशेष उत्साह देखा गया

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा की और रखा निर्जला उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वट सावित्री व्रत के अवसर पर विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना किया। महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। शहर के विभिन्न मंदिरों और बागों में पूजा का आयोजन किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आईं। उन्होंने बट वृक्ष पर तेल, फूल, मिठाई और आम के पत्ते चढ़ाए। पूजा स्थल पर बट वृक्ष के चारों ओर दीपक जलाए गए। नव विवाहित महिलाओं में इस व्रत को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

परिवार को खुशहाल रखने वाली महिलाओं ने बताया कि वे इस पूजा के माध्यम से अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना करती हैं। पति की दीर्घायु के लिए पूजा करने वाली महिलाएं मिनाक्षी जैन, वीणा जैन,



शारदा चोरसिया, संतु ठाकुर, इंदू रानी साहू, प्रतिभा सिंहा, एमेश्वरी सिंहा, अन्नपूर्णा सिंह, प्रतिभा परमार, शारदा दर्रो, दिव्या साहू, अनिता सोनी, नूतन सरकार, यूगमनी साहू, सविता चोरसिया, पुष्पा राठौर व अन्य महिलाओं ने सावित्री की कथा बताते हुए कहा कि इस दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाए थे। इसी कारण से सुहागिन महिलाएं इस दिन वट वृक्ष के नीचे पूजा करती हैं। सावित्री का जन्म एक विशेष परिस्थिति में हुआ था। राजा अश्वपति जिनके कोई संतान नहीं थी। संतान की प्राप्ति के लिए 18 वर्षो तक तप किया, अंतत सावित्री का जन्म हुआ। सावित्री ने सत्यवान से विवाह किया, जो अल्पायु थे। नारद मुनि ने सावित्री को सलाह दी थी कि वह सत्यवान से विवाह न करें, लेकिन सावित्री ने अपने प्रेम के कारण सत्यवान को अपना पति चुना। सत्यवान की मृत्यु का समय निकट आया, सावित्री ने घोर तपस्या किया। सत्यवान की मृत्यु के दिन, उन्होंने यमराज का पीछा किया और उनसे तीन वरदान मांगे। पहले वरदान में उन्होंने अपने ससुराल वालों के राज्य की वापसी, दूसरे में अपने पिता के लिए पुत्र और तीसरे में अपने लिए संतान मांगी। यमराज ने उनके वरदान स्वीकार किए और सत्यवान को जीवनदान दिया। सावित्री वट वृक्ष के पास लौट आई और सत्यवान जीवित हो गए। इस घटना के बाद से महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं ताकि उनके पतियों की आयु लंबी हो और उनका वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहे। इस प्रकार वट सावित्री पूजा का पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सुहागिन महिलाओं के लिए अपने पतियों के प्रति प्रेम और समर्पण का भी प्रतीक है।

## दो युवकों का रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोण्डाहुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 18 मायापुर निवासी पीड़ित युवक अपने दोस्त के साथ घर की ओर जा रहा था, तभी उन दोनो का आरोपी ने रास्ता रोककर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। गोण्डाहूर थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 18 मायापुर निवासी दिवस हालदार पिता दिलीप हालदार ने पुलिस को बताया कि मै और मेरे दोस्त मानिक देवनाथ ग्राम पीव्ही 28 चान्दीपुर निवासी के साथ घर जा रहा था। हम दोनो को ग्राम पीव्ही 17 रविन्द्रनगर रास्ते में आरोपी ने रूकने के लिए बोला। आरोपी ने बगैर कोई कारण के गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। मुझे और मेरे दोस्त मानिक देवनाथ को ग्राम पीव्ही 16 कल्याणपुर निवास संजू बाला घर तक लेके गया। घर पहुंचने के



बाद संजू बाला मेरे साथ गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दिया। हम लोगों ने नहीं पता कि आरोपी संजू बाला हम लोगों के साथ किस कारण से गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया। हमारा आरोपी से किसी भी तरह का कोई संपर्क भी नहीं है। हम लोगों को डर बना हुआ है कि आरोपी हमारे साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी से हम लोगों की किसी भी प्रकार को कोई रंजिश नहीं है, उसके द्वारा हम लोगों के साथ जो व्यवहार किया है, उसका कारण भी समझ में नहीं आ रहा है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संजू बाला के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

# खबर संक्षेप



## अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**कोण्डागांव।** प्रदेशभर में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को नगरपालिका परिषद कोंडागांव द्वारा नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से नगर के प्रमुख जल स्रोत बांधा तालाब में जलकुंभियों की सफाई की गई। साथ ही तालाब के समीप स्थित शिव मंदिर की भी विशेष सफाई कर धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। सफाई अभियान में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, स्वच्छता दीदियों के साथ–साथ अन्य सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रशिक्षणरत युवाओं ने भी अपने उत्साहपूर्ण सहयोग से अभियान को सफल बनाया। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

## बुद्ध महोत्सव की तैयारियों को लेकर विधायक ने ली बैठक



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लाक अंतर्गत ग्राम भोंगापाल में एक जून को बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी शामिल होंगे । भोंगापाल बुद्ध महोत्सव एवं सीएम के आगमन की तैयारीयों को लेकर ग्राम बड़ेडोंगर में शनिवार की शाम को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने अधिकारी कर्मचारी , स्थानीय जनप्रतिनिधि और सर्व समाज प्रमुखों की उपस्थिति में बैठक ली। बैठक में बुद्ध महोत्सव और मुख्यमंत्री आगमन के संबंध में चर्चा किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, एसडीओपी, क्षेत्र के सभी सरपंच, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# औषधि प्रशासन ने 14 मेडिकल स्टोर्स का किया औचक निरीक्षण, पूजा मेडिकल को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में नारकोटिक और मनःप्रभावी दवाइयों के अवैध व्यवसाय को रोकने के लिए औषधि प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए औचक निरीक्षण अभियान चलाया। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोंडागांव के निर्देशन में माकड़ी और बड़ेराजपुर ब्लॉक में संचालित कुल 14 मेडिकल स्टोर्स में निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेडिकल स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई जो सभी जगह सक्रिय अवस्था में पाए गए।

बांसकोट स्थित पूजा मेडिकल स्टोर में निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच1 और अन्य नियंत्रित दवाइयों की खरीदी और बिक्री से जुड़े दस्तावेजों में अनियमितताएं पाई गईं। दस्तावेजों की गड़बड़ी और लापरवाही को गंभीर मानते हुए मेडिकल संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है।

### शिवांमृता मेडिकल के सैंपल जांच के लिए भेजे गए

#### जांच के लिए भेजा गया सैंपल

कोंडागांव शहर में संचालित शिवांमृता मेडिकल स्टोर से टेलिस्टा 20 नामक दवा का सैंपल लिया गया। जिसे आगे राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। दवा की गुणवत्ता संदेह के घेरे में आने के बाद यह कदम उठाया गया।

#### ओवरप्राइजिंग पर भी हुई कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान बुस्कोगास्ट इंजेक्शन को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचने की जानकारी मिलने पर उसे राज्य मूल्य मॉनिटरिंग रिसोर्स यूनिट को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा गया है। विभाग इस मामले में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



#### सभी मेडिकल संचालकों को दिए गए सख्त निर्देश

औषधि निरीक्षक द्वारा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे दवाओं से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार अद्यतन और व्यवस्थित रूप में संधारित करें। विशेष रूप से नारकोटिक दवाएं, एमटीपी किट और शेड्यूल एच1 दवाएं बिना पंजीकृत डॉक्टर के प्रिक्रिप्शन के कदापि न बेची जाएं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### औषधि विभाग हुआ सक्रिय

इस औचक निरीक्षण अभियान से जिले भर के मेडिकल स्टोर्स में सतर्कता का माहौल बना है। विभाग की इस पहल को आमजन के स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आने वाले दिनों में भी ऐसे निरीक्षणों की निरंतरता बनाए रखने की बात औषधि विभाग ने कही है। इस अभियान से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन और औषधि विभाग नारकोटिक दवाइयों के दुरुपयोग और अवैध कारोबार पर नियंत्रण को लेकर गंभीर है और नियमों के उल्लंघन पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

### सुशासन तिहार के तहत माकड़ी विकासखंड में जनसेवा की नई पहल

# शामपुर समाधान शिविर में 86 हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- जनसमस्याओं के निराकरण के लिए जुटे अधिकारी व जनप्रतिनिधि

सुशासन तिहार–2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत माकड़ी विकासखंड के ग्राम शामपुर में एक दिवसीय समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। शिविर में माकड़ी क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम शामपुर, कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, मांझीबोरंड, बाड़रा, केरावाही और हाड़ीगांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। विधायक लता उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है। इस दिशा में समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने की पहल की जा रही है।



### विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

शिविर के दौरान कुल 86 हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया गया। प्रमुख लाभ इस प्रकार रहे। जनपद पंचायत द्वारा 12 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन की स्वीकृति, 29 ग्रामीणों को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, कृषि विभाग ने 10 किसानों को धान बीज उपलब्ध कराए, सहकारिता विभाग ने 7 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए, उद्यानिकी विभाग ने 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद प्रदान की।

### जल संरक्षण को लेकर शपथ

शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। हर घर में वर्षा जल संचयन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को अपनाने, जल का मितव्ययी उपयोग करने, तथा पारंपरिक जल स्त्रेतों के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

### अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की रही सहभागिता

समाधान शिविर में जिला पंचायत सदस्य रदमा बघेल, भगवती नेताम, जनपद अध्यक्ष जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैशाखु कोर्राम, दीपेश अरोरा, जनपद सदस्यगण, एसडीएम अजय उरांव, क्षेत्रीय सरपंच, पंच, ग्राम के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सरकार का लक्ष्य सेवा और समाधान

यह शिविर सरकार की सेवा, सुशासन और समाधान की नीति को गांव–गांव तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुआ है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे जन–सेवा की नई मिसाल बताया।

### कोंडागांव की बेटियों ने रचा इतिहास

# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड




- नीता नेताम और शोभा धाकरे ने दिलाया कोंडागांव को गर्व
- कोच संजय सोनपिपरे की मेहनत और खिलाड़ियों की लगन लाई रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की दो होनहार बेटियों, नीता नेताम और शोभा धाकरे ने राज्य स्तरीय बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। भिलाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में उनके दमदार प्रदर्शन ने न सिर्फ मेडल दिलवाया, बल्कि पूरे कोंडागांव को गर्व से भर दिया। दोनों खिलाड़ियों की यह शानदार उपलब्धि कोच संजय सोनपिपरे के मार्गदर्शन में मिली। जो कोंडागांव के एक निजी जिम, में उन्हें नियमित प्रशिक्षण दे रहे हैं। संजय की मेहनत, रणनीति और खिलाड़ियों की लगन ने इस जीत को संभव बनाया।

### नीता और शोभा की नजरें अब नेशनल चौंपियनशिप पर

अब नीता और शोभा की नजरें नेशनल चौंपियनशिप पर टिकी हैं, जो जल्द ही रायपुर में आयोजित होने वाली है। पूरे जिले को इनसे बड़ी उम्मीदें हैं कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता के झंडे गाड़ेंगी। कोंडागांव की यह उपलब्धि सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो खेल के जरिए अपना भविष्य संवारना चाहते हैं।

# गुलबापारा समाधान शिविर के जरिए 96 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/केशकाल

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज केशकाल विकासखंड के ग्राम गुलबापारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चरनतीन राजेश नेताम सहित क्षेत्र के सभी सरपंचगण भी शामिल हुए। इस समाधान शिविर में कुल 8 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया था। शिविर में 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया, जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिला। शिविर में कुल 96 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विभागवार विवरण इस प्रकार है, राजस्व विभाग द्वारा 20 जाति प्रमाण पत्र, 16 निवास प्रमाण पत्र और 1 किसान किताब वितरित, जनपद पंचायत द्वारा 28 मनरेगा जॉब कार्ड जारी किए गए, कृषि विभाग ने 6 किसानों को धान बीज प्रदान किया, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गोद भराई और 5 अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित, उद्यानिकी विभाग ने 15 किसानों को सब्जी बीज और जैविक खाद का वितरण किया। विधायक टेकाम ने सुशासन तिहार को बताया जनसेवा का माध्यम अपने उद्बोधन में विधायक श्री टेकाम ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को कम कर, लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्योंर् की सराहना करते हुए इसे जनहित में प्रभावी पहल बताया।



### प्रशासनिक अधिकारियों की रही सहभागिता

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकित चौहान, जनपद सीईओ केशकाल एवं तहसीलदार केशकाल भी उपस्थित रहे। जिन्होंने विभागीय कार्योंर् का निरीक्षण कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया।

### ग्रामवासियों में दिखा उत्साह

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और योजनाओं का लाभ पाकर उन्होंने शासन–प्रशासन के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों ने इस पहल को सुगम प्रशासन और जिम्मेदार शासन की दिशा में एक सार्थक कदम बताया।

# फरसगांव हाईवे पर अंधेरे के चलते हो रहे हादसे

### 80 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटें हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 फरसगांव नगर की सड़कों पर नगर को सुंदर बनाने और रात के समय राहगीरों यात्रियों को परेशानी न हो, इसलिए नगर के सीटीओ कालोनी से लेकर पेट्रोल पंप तक स्ट्रीट लाइट लगाया गया है. लेकिन फरसगांव नगर के नेशनल हाइवे पर शाम होने के बाद अंधेरा छा जाता है। क्योंकि कई दिनों से हाईवे पर लगाए गए स्ट्रीट लाइटें कई जगह बन्द पड़ी हैं। जिसमें नगरवासियों राहगीर और यात्रियों को परेशानी हो रही है । हाइवे में बेसहारा मवेशियों के बैठे होने के कारण अंधेरे में राहगीर हादसे का शिकार भी हो रहे हैं। अंधेरे के चलते छोटी मोटी दर्जनों घटनाएं हो चुकी है। हाइवे पर अंधेरा होने से हादसे की संभावना भी बढ़ गई है। अगर समय रहते बंद पड़े लाइटों का सुधार कार्य नहीं हुआ तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी द्वारा बंद लाइट को सुधारवाने ध्यान नहीं दे रहे हैं।



### एनएच विभाग को दो बार भेजा गया है पत्र - सीएमओ

फरसगांव नगर पंचायत सीएमओ पवन मेरिया ने बताया कि नेशनल हाइवे पर पट्रोल पम्प से लेकर तहसील कार्यालय तक कुल 148 नग स्ट्रीट लाइट लगे हुए है, जिसमे से लगभग 80 बंद पड़े है। वहीं डीवाइडर पर विद्युत प्रवाह से दुर्घटना होने की संभावना है। बंद पड़े लाइटों को चालू करवाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय से एनएच के कार्यपालन अभियंता जगदलपुर को दो बार पत्र भेजा गया है। पहला पत्र 04 दिसंबर 2024 को और दूसरा पत्र 17 जनवरी 2025 को भेजा गया है। एनएच के कार्यपालन अभियंता जगदलपुर के द्वारा अभी तक बंद पड़े लाइटों की सुधार नहीं करवाया गया है और ना ही किसी प्रकार की प्रतिक्रिया दी गई। एनएच के कार्यपालन अभियंता जगदलपुर के एक बार पत्र भेजनें वाले है की नगरवासियो की परेशानियों को देखते हुए बंद पड़े लाइटों को चालू करवाए।

# अनंतपुर पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

थाना अनंतपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 24.600 लीटर अंग्रेजी शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 13,840 रुपये है, तथा एक मोटरसाइकिल जब्त की है। यह कार्रवाई 25 मई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, उमरकोट उड़ीसा से एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी–27 एल–8202 के माध्यम से अवैध शराब को कोण्डागांव होते हुए बीजापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल रा.पु.से के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार रा.पु.से. के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में थाना अनंतपुर की टीम ने ग्राम बीजापुर नाका के पास नाकेबंदी कर उक्त वाहन को रोका।



### मोटरसाइकिल की गई जब्त

मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे, जिनके बीच बोरी और दो कार्टून में शराब रखी हुई थी। दस्तावेज मांगने पर वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। आरोपियों के नाम संजय मरकाम 27 वर्ष और मंगियाराम नेताम 22 वर्ष हैं, दोनों बड़ेसिलाटी पुजारीपारा, थाना अनंतपुर के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 24 नग हंटर केन बीयर और 67 नग ऑफिसर चॉइस ब्रांड की शराब बरामद की। कुल मिलाकर 24 लीटर 600 मि.ली. अंग्रेजी शराब और एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमत लगभग 25,000 को जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना अनंतपुर के पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# गरीब व्यापारियों पर अत्याचार अमानवीय कृत्य : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत के नेतृत्व में व्यापारियों ने आवाज बुलंद करते कहा कि रवैया ऐसे ही रहा तो सड़क पर उतरना होगा। गरीब व्यापारियों पर अत्याचार अमानवीय कृत्य है मोर्चा इसका विरोध करता रहेगा। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में फुटपाथ व्यापारी महासंघ के द्वारा शहर के हाता ग्राउंड में नगर निगम द्वारा जबरन गरीब व्यापारियों का दुकान हटाने का पुरजोर विरोध किया गया। मौके पर पहुंचे मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं फुटपाथ व्यापारी महासंघ के संरक्षक नवनीत चाँद ने निगम प्रशासन और राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा की 2014 फुटपाथ अधिनियम, और संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ख ) भारत के नागरिक को फुटपाथ पर व्यापार करने का पूर्ण अधिकार देता है । निगम प्रशासन पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप विहीन व्यापार करने हेतु प्रत्येक नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायत में सक्षम मजिस्ट्रेट अधिकारी के अध्यक्षता में समिति गठित कर शहर या कस्बे में वेंडर जोन घोषित करने का प्रावधान है! उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस विषय में पिछले दिनों फुटपाथ व्यापारी महासंघ ने कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और महापौर, नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर शहर में फुटपाथ व्यापार बाजार स्थापित करने सभी फुटपाथ पर व्यापार करने वाले लोगों को इस बाजार में विस्थापित करने और शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु ज्ञापन सौपा गया था और यह मांग रखी गई थी कि प्रशासन तत्काल समिति गठित कर, बाजार स्थापित करने हेतु स्थल चयन प्रारंभ करें। मोर्चा ने व्यापारियों की समस्याओं को उठाते हुए मांग किया था कि जब तक इन व्यापारियों को बाजार के लिए स्थाई स्थान प्रदान नहीं किया जाता है तब तक के लिए अस्थाई रूप से सभी को उनके पुरानी जगह पर व्यापार करने की अनुमति प्रदान किया जाए ।



### सनातन धर्म में सुहागिन स्त्रियों के लिए खास होता है वट सावित्री व्रत

# सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

फरसगांव नगर में सोमवार को सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और परिवार के सुख शांति की कामना के लिए वट वृक्ष के नीचे विधि विधान से पूजा अर्चना कर वट सावित्री व्रत को संपन्न किया। इस वट सावित्री व्रत को सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रहती है।

फरसगांव क्षेत्र की सुहागिन महिलाएं सोमवार को शुभ मुहूर्त 11:20 बजे के बाद से सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष के नीचे बैठ कर पूजा किए। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। सनातन धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है। इस दिन महिलाओं ने पूरी श्रद्धा व सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की। सुहागिन महिलाओं ने पहले बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा की फिर वट वृक्ष में कच्चे सूत को लपेटकर परिक्रमा की। इसके बाद पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने एकत्रित होकर पूरे विधि-विधान से बरगद के पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का पाठ भी किया।



पेज 11 के शेष

### बदतमीजी करने वाले...

स्टैंड में खुले आम इस तरह से हरकत को आमलोग भी देख रहे थे और बस स्टैंड में दहशत का माहौल देखने को मिला। कांकेर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी सद्दाम खान के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### पैसे को चार गुना...

जिला के कोतरा निवासी 39 वर्षीय जय प्रकाश बघेल पिता स्व. सबद राम बघेल हाल निवास रायपुर के कुटीपारा पारागांव निवासी, प्रगतिनगर गुढ़ियारी रायपुर निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र देखमुश पिता भगचंड देशमुख और एस विहार कॉलोनी रायपुर निवासी 38 वर्षीय अंजुलिका पटेल पिता स्व. विनोद कुमार पटेल को 26 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। अन्य फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है।

**इनकी रही अहम भूमिका:** सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, थाना प्रभारी अजाक निरीक्षक रामकुमार साव के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, सुभिया गोटा, आर. वयंत सरोज, धनेश ध्रुव, राकेश लकड़ा, राकेश बघेल, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, शैलेन्द्र शोरी, कोमेश्वरी, कुसुमलता एवं सायबर सेल से प्रआर मनीराम भोई, शैलेन्द्र साहू, ज्ञानचंद ठाकुर एवं आशीष कुंजाम का अहम भूमिका रही।

### बीएससी नर्सिंग...

लगभग 1475 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए पीजी कॉंलेज कांकेर, शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर तथा सेंट माईकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर और उपायुक्त आबकारी आशीष कोसम एवं जिला आबकारी अधिकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी टीम बीजापुर एवं भोपालपटनम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी वृत्त भोपालपट्टनम में स्थित ग्राम इलमिड़ी थाना इलमिडी पहुंचकर आरोपी के घर से बड़ी मात्रा मे ड्यूटी एवं नॉन ड्यूटी विदेशी मदिरा व्हिस्की एवं माल्ट जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया जाएगा। जब्त मदिरा की कीमत एक लाख इकहत्तर हजार रुपए है। जिसमें 12 पेटी मैकडोनाल्ड नंबर वन 4 पेटी आरएस 3 पेटी गोवा 4 नग सिंबा प्राइड सीरीज बियर एवं 7 नग आरएस डीलक्स बोतल शामिल है। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्रीराम कावड़े, आबकारी उपनिरीक्षक वतन चौधरी आबकारी आरक्षक भरत वट्टी एवं शिवनारायण सेठिया सराहनीय योगदान रहा।

### चावल उत्सव 7 को, तीन माह का राशन होगा वितरित

**बीजापुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कलेक्टर संबित मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि जून से अगस्त तक के लिए तीन माह का चावल एकमुश्त रूप से वितरित किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को निर्देशित किया है कि 31 मई तक जिले के सभी उचित मूल्य की दुकानों में चावल का भंडारण पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही, उन्होंने उचित मूल्य दुकानदारों को अपने-अपने गोदामों में पर्याप्त भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए 7 जून को चावल उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। इस दिन जिलेभर में चावल वितरण को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।
भंडारण और वितरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा), जिला खाद्य अधिकारी, सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों को विशेष निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन की इस पहल से लाभार्थियों को आगामी तीन माह के लिए राहत मिलेगी, साथ ही वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### 29 मई से 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**गीदम।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वधान में जिले के गांव-गांव तक पहुचेगा, जहां वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और शासन की योजनाओं की जानकारी देगी। साथ ही किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जाएगी।

## निधन

### संतशरण तिवारी



**जगदलपुर।** बस्तर परिवहन संघ के पूर्व सचिव संतशरण तिवारी का हार्टअटैक से लखनऊ के हॉस्पिटल में निधन हों गया। वे सरल, सहज, मिलनसार और धार्मिक प्रवृति के थे। अंतिम यात्रा उनके पैतृक गांव जगदीश्वापुर ज़िला अमेठी उत्तरप्रदेश स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए मंगलवार सुबह 10.30 बजे निकलेगी। वे भरापूरा परिवार छोड़ गये। बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष जब सरदार पाऊ थे तब वे सचिव थे। उस दौरान परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों के हित में उन्होंने काम किया साथ ही परिवहन संघ की मजबूती और विस्तार के लिए भी उनके योगदान को याद किया जाता है। उनके निधन की खबर मिलने से बस्तर परिवहन संघ में शोक की लहर दिखी। लोगों ने मृत आत्मा की शांति और परिवार को संबल देने ईश्वर से कामना की।

### पुनर्वास का लाभ : अब इन परिवारों को मिलेगा स्थायित्व और सम्मान : विधायक

# आत्मसमर्पित 38 परिवारों को मिलेगा पक्का मकान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम**

गीदम विकासखंड के ग्राम पंचायत झोड़ियाबाड़म में सोमवार को एक ऐतिहासिक पहल के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 38 आत्मसमर्पित, नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए पक्के मकानों का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच सहित कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पंचायत झोड़ियाबाड़म अन्तर्गत 11 हेक्टेयर की भूमि में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली पीड़ित परिवारों के लिए मूलभूत सुविधा युक्त मॉडल स्वरूप में आवासीय पक्के मकान बनाए जाएगें।

इस अवसर पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी द्वारा विधि विधान से भूमि की पूजा कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए इस योजना को क्षेत्र के विकास और शांति स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक ने कहा, यह हम सबके लिए खुशी का अवसर है कि बांगापाल और कारली ग्रामों के आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली पीड़ित परिवारों के 38 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पक्के मकान मिल रहे हैं। यह न सिर्फ एक घर है, बल्कि उनके जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा का प्रतीक भी है। मौके पर विधायक ने सभी लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए सरकार का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह सपना है कि हर गरीब को उसका पक्का घर मिले। आज जो मकान इन पीड़ित परिवारों को दिए जा रहे हैं, वह उनके जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करेंगे।



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, आत्मसमर्पित नक्सल पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया, "जिस दिन कोई व्यक्ति आत्मसमर्पण करता है, उसी दिन से उसे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की जा रही है। इनमें राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। कलेक्टर ने यह भी बताया कि इन 38 पक्के मकानों को ग्राम झोड़ियाबाड़म में एक मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन मकानों के साथ-साथ आजीविका के साधनों के लिए मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं सब्जी उत्पादन हेतु अलग से भूमि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव सहित अन्य अधिकारी ओर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही मौजूद थे।

# 1472 मांग व 32 शिकायतों का किया निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा**

■ नकुलनार में समाधान शिविर का आयोजन हुआ

विगत दिवस जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत नकुलनार में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें रेंगानार, गडमिरी, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, कुआकोंडा के ग्रामीण जन शामिल हुये। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत के सरपंच, एवं पंच उपस्थित रहे।



समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 1519 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1487 मांग व 32 शिकायत थे, जिसमें 1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया तथा अन्य लंबित मांगों को शासन स्तर पर प्रेषित किया गया। नकुलनार सुशासन तिहार कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 7 नव जात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया।

साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावा पीएचई विभाग द्वारा 05 ग्रामो को पीने का साफ पानी जांच मशीन किट, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदाय किया गया, साथ ही लोक सेवा गारंटी अन्तर्गत 17 लोगों का आधार अपडेट किया गया एवं 3 नया आधार बनाने के लिए पंजीयन किया गया। इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को स्पेयर पंप - कृषि कार्ड 5 को दिया गया।

# पूर्व क्रेडा अध्यक्ष व पूर्व विधायक ने झीरम में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

25 मई की प्रातः शहीदों को श्रद्धांजलि देने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार व पूर्व विधायक राजमन बेंजाम शहादत स्थल झीरम घाट पहुंचे। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित और दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि महादेव नाग, ब्लाक अध्यक्ष बीर सिंह बघेल, जीतेन्द्र सिंह चौहान, परदेशी बघेल,बुधराम नाग,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलीराम कश्यप, आईटी सेल प्रदेश महासचिव योगेश पानीग्राही, सोमडु राम मंडावी व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में छात्रों का हुआ कैंपस चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम**

छात्रों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ने अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया था।

इस कैम्पस साक्षात्कार में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष के छात्र उपस्थित हुए। कैम्पस ने छात्रों को बैंगलोर कैम्पस में यजाकी इंडिया में नौकरी प्रदान की। संस्थान प्रत्येक वर्ष अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए नौकरी का अवसर प्रदान करता रहा है, इस वर्ष भी यह आयोजन रखा गया था।

इस प्लेसमेंट में मैकेनिकल ब्रांच से 28 और इलेक्ट्रिकल ब्रांच से 29 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिससे अंतिम वर्ष के कुल 57 छात्र छात्राओं का चयन हुआ। अपनी अंतिम वर्ष की परीक्षा के बाद वे बैंगलोर में नौकरी ज्वाइन करेंगे। इससे वे अपने पाठ्यक्रम के पूरा होने से पहले चयनित होने से बहुत खुश हैं। वे अपने अंतिम वर्ष की परीक्षा के ठीक बाद अपनी पहली नौकरी के अवसर को पाने के लिए बहुत उत्साहित हैं।



कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रबंधन ने छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए प्रिंसिपल और उनकी टीम को भी बधाई दी। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट साक्षात्कार के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अच्छे कैरियर के बारे में बताया, ताकि भविष्य में वे अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकें।उन्होंने छात्रों के चयन के लिए उन्हें बधाई भी दी।

उन्होंने आगे बताया कि इस सत्र के लिए यह पहला प्लेसमेंट है और आने वाले दिनों में और भी कंपनियां छात्रों के प्लेसमेंट के लिए आएंगी।

# पामेड़ में बैंक शाखा की सीएम ने दी वर्चुअल सौगात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर**

जिस पामेड़ को कभी माओवादियों की बटालियन नंबर-1 का गढ़ माना जाता था, आज वहां बैंक खुल रहे हैं, कन्या आश्रम बन रहे हैं और लोग खुले मन से सुशासन शिविरों में भाग ले रहे हैं।

यह बदला हुआ बस्तर है, आत्मविश्वास, विकास और लोकतंत्र का प्रतीक। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बीजापुर

■ माओवाद से मुक्ति की जमीन पर रखी जा रही है विकास की मजबूत नींव : सीएम

जिले के सुदूरवर्ती और पूर्व में माओवादी प्रभाव से ग्रस्त रहे पामेड़ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाखा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने इसे विकास और विश्वास की नई सुबह बताते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए 100 किलोमीटर दूर आवापल्ली नहीं जाना पड़ेगा। यह पहल सरकार के सुशासन और समावेशी विकास के विजन को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने






बताया कि इस बैंक शाखा से पामेड़ और आसपास के 50 गांवों को सीधे लाभ मिलेगा, जहां अब खाता खोलने, पैसा निकालने और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं की राशि लेने में सुविधा होगी। उन्होंने विशेष रूप से माताओं-बहनों को आश्वस्त किया कि अब उन्हें योजना की राशि के लिए लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पामेड़ में 50-सीटर आदिवासी कन्या आश्रम का भी लोकार्पण किया, जिसकी लागत 1.62 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि कन्या आश्रम आने वाले समय में बस्तर की बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर नए नेतृत्व के रूप में उभारेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पामेड़ में अब पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की स्थापना की जा रही है, ताकि आसपास के कुपोषित बच्चों को इलाज के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे बच्चों को समय पर पोषण पुनर्वास केंद्र में लाएं और स्वास्थ्य लाभ लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तालपेरू नदी पर धर्मावरम ब्रिज का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिससे अब तेलंगाना के चेरला होकर 200 किलोमीटर लंबा सफर तय करके बीजापुर जाने की बाध्यता समाप्त हो जाएगी। यह पुल न केवल पामेड़ को जोड़ने वाला होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास का मुख्य द्वार भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आवागमन की सुविधा बढ़ाते हुए सरकार ने पामेड़ से बीजापुर के बीच सीधी बस सेवा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अब सुबह जाकर शाम को लौटना संभव हो गया है। लोगों की दिनचर्या सरल हुई है और व्यापार-सेवा गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं।

समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस मौके पर महेश गागड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बकावंड जनपद में समस्याओं का हुआ निपटारा

# सुशासन तिहार में निपटाए 2495 में से 2493 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड**

सुशासन तिहार में आवेदनों के निपटारे के मामले में इतिहास रच दिया है। कोसमी एकटा गुड़ा में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में करीब 10 ग्राम पंचायतोंसे प्राप्त 2495 आवेदनों में से 2493 आवेदनों का निपटारा कर दिया गया है। यह बड़ी उपलब्धि जनपद पंचायत बकावंड के सीईओ परेश्वर कुर्रे के नेतृत्व में हासिल की गई है।

समस्याओं का समाधान आपके शहर, आपके ग्राम समाधान शिविर के तहत कोसमी एकटागुड़ा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत कोसमी, भेजरीपदर, दशापाल, राजनगर, सरगीपाल, मसगांव, कोरटा, तुंगापाल, नलपावंड, पीठापुर, आदि ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस दौरान जनपद सीईओ पारेश्वर कुर्रे ने बताया कि इन पंचायतों से सुशासन तिहार के दौरान कुल 2495 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2493 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि मात्र 2 आवेदन लंबित हैं।



कुर्रे ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरणकिया जा रहा है और सरकार की योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को लाभान्वित करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

शिविर में बस्तर सांसद महेश कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष परिस बेसरा, जनपद पंचायत अध्यक्षा सोनबारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण कुमार पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, मंडल अध्यक्ष पीतांबर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, जितेंद्र पाणिग्रही, हेमकांत सिंह ठाकुर, सरगीपाल मंडल अध्यक्ष पुरषोत्तम जोशी, ग्राम पंचायत सरपंच नीलम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित त्रिवेदी, सत्यप्रकाश गुप्ता, रणविर सिंह बैस आदि जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्र ग्रामीण बड़ी संख्याओं मौजूद रहे।

### कांग्रेस घोटाला क्वीनः महेश कश्यप

सभा को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा- गोबर घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, गौठान घोटाला, शराब घोटाला, ऐसे कई घोटाला किए हैं कांग्रेस ने। छत्तीसगढ़ में सड़क बिजली, पुल पुलिया की व्यवस्था कांग्रेस सरकार नहीं कर रही थी। जबसे हमारी सरकार बनी है, पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया, गांव गांव में बिजली पहुंचाई गई, पुल पुलियों का निर्माण कराया। हमारे नेता अटल बिहारी बाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया था और हमारी भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ को संवारने का काम कर रही है। देश में 60 साल राज करने वाली कांग्रेस ने कुछ कार्य नहीं किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश को हर क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं।

# देवांगन समाज का सम्मेलन 1 जून को, मुख्यमंत्री होंगे शामिल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर**

देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने जारी बयान में बताया कि आगामी 6 जून को रायपुर में समाज का महासम्मेलन होगा। जिसमें पूरे प्रदेश सें समाज के लोग शामिल होंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री लखनलाल देवांगन , प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित राजधानी व प्रदेश के तमाम राजनैतिक हस्तियां शामिल होंगे । आज प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा रायपुर में प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह प्रचार रथ रायपुर के हर गाली मोहल्लो में जाकर देवांगन समाज में लोगो के बीच अलख जगाने का कार्य करेगा और सभी को कार्यक्रम में शामिल होने हेतू प्रचार प्रसार करेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा आज कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों और मातृशक्ति के समक्ष तैयार की गई। जिसमें सभी कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों और समस्त जिला संगठन को महाकुंभ में व्यवस्था की निम्नलिखित जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया पंजीयन प्रभारी किरण देवांगन ,सहप्रभारी अनिता देवांगन भोजन व्यवस्था प्रभारी भूपेन्द्र देवांगन , सहप्रभारी रामशरण तथा भगत राज देवांगन ,तिलक एवं बैच लगाना प्रभारी राज देवांगन तथा रुखमनी देवांगन, स्टॉल व्यवस्था प्रभारी विनोद देवांगन ,पेयजल व्यवस्था, प्रभारी संतोष देवांगन ,पार्किंग व्यवस्था प्रभारी पित्तु देवांगन, कैमरा, विडियो प्रभारी मनोहर देवांगन ,रसीद काउन्टर प्रभारी चनद्रिका प्रसाद देवांगन ,सम्मान समारोह प्रभारी सीता देवांगन ,सुमन देवांगन, आतिशबाजी ढोल नगाड़ा प्रभारी बलराम देवांगन ,स्वास्थ्य सेवा प्रभारी डॉ. अश्विनी देवांगन तथा हरिहर देवांगन मंच संचालन ,मुकेश देवांगन , दुर्गा देवांगन, मनोहर देवांगन, अतिथि सम्मान प्रदेश अध्यक्ष एवं पूरी टीम एवं समस्त जिला अध्यक्ष माता परमेश्वरी की पूजा आराधना, समस्त संरक्षक, सलाहकार कार्यकरिणी फ्लैक्स, फोटो, प्रेसवार्ता, प्रभारी प्रदीप देवांगन तथा रवि देवांगन उन्होंने बताया कि 29 मई को प्रेस क्लब मोतिबाग रायपुर में पत्रकार वार्ता की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कोकानपुर में मनाया गया नींव तिहार

**कोरर।** ग्राम पंचायत कोकानपुर में हर्षोल्लास के साथ नींव तिहार मनाया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गत वर्ष हुए सर्वे में आवास प्लस एक के तहत 28 हितग्रहियों को नवीन आवास का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित कर नींव तिहार मनाया गया। हितग्रहियों के पास पहुंचकर पूजन कर नवीन आवास की नींव खुदाई की गई। इस अवसर पर सरपंच कलीराम उईके, ग्राम पटेल माखन मंडावी, उपसरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, पंच रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, उर्मिला केमरो, अमृता तेता, सहदेव मतलाम, पदमा नाग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नेटवर्क सही नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**दुर्गूकोंदल।** कोड़ेकुर्से कैंप के पास बीएसएनएल टावर लगा हुआ है,



जिसकी लचर सेवा से कोड़ेकुर्से के ग्रामीण परेशान है, जिसका सिग्नल हमेशा कमजोर रहता है, कोई जरुरी कॉल करने सही आवाज नहीं आता है,फोन कट हो जाता है। अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामों के बीएसएनएल उपभोक्ता द्वारा एमरजेंसी सेवा 104 एवं 108 पर कॉल स्वास्थ्य सेवा उपचार के लिए समय पर फोन लगाने पर नेटवर्क सही नहीं होने से बात नहीं हो पाता है। ग्रामीण अशोक रावटे, शत्रु जैन, महाजन निषाद, मनेस जैन, प्रवीण सहारे, गौतम कोटिंगला एवं अन्य ग्रामीण ने बीएसएनएल नेटवर्क को 4 जी करके रेंज बढ़ाने से उपभोक्ता को बीएसएनएल की सेवा का समुचित लाभ दिलाने की माँग किया है।

### विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा में आंशिक संशोधन

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने 27 मई से होने वाले जनवरी से जून 2025 सत्र के कुछ कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन किए हैं। मंगलवार 27 मई से प्रारंभ होने वाली एमबीए द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा अब 2 जून से प्रारंभ होगी। एलएलबी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 9 जून से शुरू होगी।

## क्षेत्र के प्रत्येक विकास कार्य को प्राथमिकता से किया जाएगा : कलेक्टर

# नक्सलियों की मांद में आयोजित सुशासन शिविर में अफसरों ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







प्रदेश सरकार की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विकासखंड अंतागढ़ के दूरस्थ अतिसंवेदनशील तथा सरहदी ग्राम बण्डापाल में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया गया, जहां ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में भी बताया गया। माओवाद प्रभावित सुदूरवर्ती अतिसंवेदनशील ग्राम बण्डापाल में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनों पर हुई कार्यवाही के बारे प्रत्येक आवेदक को अवगत कराया गया। बीहड़ क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत बण्डापाल में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ इस क्षेत्र के ग्रामीणों को शतप्रतिशत प्राथमिकता के साथ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे- सड़क, बिजली, पानी, पुल-पुलिया, मोबाइल टॉवर से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें कुछ निर्माणाधीन कार्य प्रगतिरत हैं जिसका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम बण्डापाल में स्कूल भवन निर्माण की स्वीकृति मिल गई है, जल्द ही एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य भी चालू हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने वहां उपस्थित विभागीय अधिकारियों को इस क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में विकास कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। ग्राम तुमसनार, बड़ेपिंजोड़ी और मातला 'ब' में पोटाकेबिन जर्जर स्थिति होने के कारण वहां पर दो-दो अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति मिली है, वहां भी जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को विकास की धारा से जोड़ते हुए पेंशन प्रकरण तथा महतारी वंदन योजना और स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली तथा मोबाइल टावर की समस्या को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दूरस्थ क्षेत्र के वंचितों और पिछड़े हुए लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके, इसीलिए संवेदनशील क्षेत्र में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा 05 ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। खाद्य विभाग द्वारा 05 ग्रामीणों को राशन कार्ड प्रदान किए गए। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को मक्का बीज किट का वितरण किया गया। मनरेगा के अंतर्गत 03 ग्रामीणों को जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 02 हितग्राहियों को आवास की चाबी और 03 को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान की गई। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 01 बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया और 01 गर्भवती महिला को सुपोषण किट प्रदान की गई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर एसडीएम अंतागढ़ राहुल रजक, डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज, जनपद पंचायत अंतागढ़ की अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे, बंडापाल के सरपंच शिवशंकर कावड़े एवं आश्रित ग्रामों के सरपंच, पंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दो बाइक चालक के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

### सड़क हादसे की विवेचना की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क दुर्घटना में मौत होने के दो प्रकरण में कांकेर थाना व कोरर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। थाना कांकेर अंतर्गत दूध नदी पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना घायल का मौत के प्रकरण में पाया गया कि 6 अप्रैल को राम नवमी कार्यक्रम देखकर रात करीबन डेढ़ बजें मृतक टिकरापारा कांकेर निवासी 24 वर्षीय गोपाल यादव पिता सेवक यादव मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनएफ 8609 में सवार होकर मस्जीद चौक कांकेर की ओर से अपने घर टिकरापारा जा रहा था। दूध नदी पुल में मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पुल के रेलिंग को ठोकर मारकर स्वयं से एक्सीडेंट कर दिया एवं पुल के नीचे गिर गया, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान गोपाल यादव का रात 2 बजे मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएफ 8609 के चालक गोपाल यादव के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

वही दूसरी कार्यवाई में पाया गया कि मृतक देवलराम सेवता मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 7569 के पीछे सीट पर बैठकर ग्राम गाड़ागौरी से कापसी जाने निकला था। वाहन को कोरर निवासी डेमन साहू चला रहा था। ग्राम बाबूदबेना आवासपारा मोड़ के पास मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट करने से मृतक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने के कारण मृतक की मृत्यु होना हो गया। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल चालक डेमन साहू के खिलाफ धारा 281,125 (ए),106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## परिक्षेत्र मरकाटोला यादव समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

■ नई कार्यकारणी का किया गठन

यादव समाज परिक्षेत्र मरकाटोला का वार्षिक सम्मेलन समाज के पदाधिकारियों के उपस्थित में सम्पन्न हुआ, जिसमें यादव समाज के पदाधिकारीयों ने विगत 10 वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया। परिक्षेत्र संरक्षक मिलान यादव ने वर्तमान कार्यकारणी को विधिवत भंग कर परिक्षेत्र इकाई की चुनाव प्रक्रिया जिला पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यादव समाज परिक्षेत्र मरकाटोला के नव अध्यक्ष व कार्यकारणी का चुनाव में संरक्षक कन्हैया यादव, नंदु यादव, अध्यक्ष अशोक यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव योगेश यादव, कोषाध्यक्ष ईश्वर लाल यादव, मीडिया प्रभारी पूरन यादव, राहुल यादव, समाज सेवक रमेश यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरी बाई, पेमिन यादव, उत्तरा यादव, संरक्षक पांच बाई यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मिथलेश यादव, उपाध्यक्ष देवसिंग यादव, टाकेश्वर यादव सचिव, राहुल यादव, हृदय राम यादव एवं कार्यकारणी सदस्य नन्दा यादव, रघुवीर यादव, मुरली यादव, महेश यादव रमेश यादव, रविशंकर यादव, तीजू यादव, अंजोरी यादव, प्रकाश यादव, सुरेश यादव, दिलीप यादव, लगनु यादव, जीवराखन यादव, सुरेन्द्र यादव, देवनारायण यादव, छबी यादव को चुना गया। कार्यक्रम सर्व यादव यादव समाज के जिला अध्यक्ष सुदामा यादव, महा सचिव राजू यादव, सचिव शिवचरण यादव की विशेष उपस्थित में हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने समाज को संगठित रहने व अपने संस्कृति को संजोए रखने पर बल दिया।

## सैनिक विद्यालय प्रवेश परीक्षा में कोदागांव के पांच बच्चों ने किया क्वालीफाई





**धनेलीकन्हार।** विकासखंड कांकेर के कोदागांव शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय से अखिल भारतीय सैनिक विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा नवमीं के लिए पांच बच्चों ने पुष्पेन्द्र मरकाम, निखिल उसेण्डी, शलेन्द्र दुग्गा, प्रियंका टांडिया, एवं सेमेश्वरी टांडिया क्वालीफाई कर इतिहास रच दिया है, क्योंकि इससे पूर्व कभी यहां से सैनिक विद्यालय परीक्षा नहीं दिया गया था। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोदागांव के प्रधानाचार्य दिनेश सेवता के निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संस्था के शिक्षक लोमश ध्रुव, अनिल सिन्हा, संतोषी प्रयाग, टेश्वर भुआर्य आकाश शर्मा ने योजनाबद्ध ढंग से तैयारी के लिए बच्चों को छुट्टी के दिनों में कोचिंग क्लास लिया जाता है। तैयारी के दरमियान टेस्ट लेकर उन कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाता है। जिससे बच्चों में अवधारणा स्पष्ट हो सके। इस ऐतिहासिक परिणाम से क्षेत्र में खुशी का लहर दौड़ गई है। इस अदभुत सफलता पर उनके माता-पिता, विद्यालय परिवार, शाला प्रबंधन समिति, संकुल समन्वयक कनस नेताम, कोदागांव के गणमान्य नागरिक पंचू राम नायक,एस आर कोरेटिया, मधुसूदन साहू, दीनू पटेल, दया राम आरदे, लादू राम पटेल, भावेश आरदे एवं कई लोगों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम को लेकर फुटबॉल एवं क्रिकेट खिलाड़ियों के भीतर मनमुटाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

■ नगर का एक मैदान बना ट्रांसपोर्ट नगर, खिलाड़ी हो रहे है परेशान



नगर पंचायत पखांजुर में एकमात्र स्टेडियम सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खेल को लेकर फुटबाल और क्रिकेट खिलाड़ियों में मनमुटाव बना हुआ है। इसके अलावा नगर के दूसरे मैदान में व्यापारियों के द्वारा सामान और ट्रकों को खड़ा कर देने से यह मैदान उपेक्षित हो गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष के तत्कालीन अध्यक्ष स्व. असीम रायम कुछ साल पहले इसी स्टेडियम में इंटरनेशनल स्टार का फुटबॉल टूर्नामेंट कराया था, जिसमें विदेश के खिलाड़ी भी इस स्टेडियम में फुटबॉल खेलने आए थे। लंबे समय से इस स्टेडियम में कोई फुटबॉल टूर्नामेंट नहीं हो पाया है। पखांजुर के नए युवक जो फुटबॉल प्रेमी है उनका मनोबल धीरे-धीरे टूटने लग रहा है और उनका फुटबॉल स्टेडियम ग्राउंड भी धीरे-धीरे उनके लिए छोटा होते जा रहा है। क्रिकेट खिलाड़ी भी इस मैदान में ही उतर गए हैं। इस कारण से दोनों फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रेमियों में शीत युद्ध की माहौल लग रहा है। स्टेडियम को लेकर अभी दोनों खेल प्रेमियों में खींचातानी शुरू हो गई है। यह बहुत गंभीर विषय है कि दोनों खेल प्रेमियों के भीतर शीत युद्ध का माहौल है।

पखांजुर हायर सेकेंडरी स्कूल के पीछे एक स्टेडियम जैसा मैदान ह, जिसमें अब कुछ व्यापारियों द्वारा बिल्डिंग सप्लाई मटेरियल रखा जाता है एवं ट्रकों का अब ट्रांसपोर्ट नगर बन गया है, जिसमें शाम होते ही मयखाना एवं सामाजिक तत्वों द्वारा जमावड़ा होता है। इस जगह को अगर नगर पंचायत पखांजुर एवं अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा क्रिकेट प्रेमियों को दिया जाए तो यह समस्या हल हो जाएगी, जिससे यहां जगह भी साफ सुथरा रहेगा एवं खेल प्रेमियों को धीरे-धीरे खेल में गति भी मिलेगा।

## 12 वीं बोर्ड के टापर अखिल का श्रीवास सेन समाज ने किया सम्मान



**धनेलीकन्हार।** श्रीवास सेन समाज कांकेर ने 12 वीं बोर्ड में प्रवीण्य सूची में छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहले स्थान पर रहे हायर सेकेण्डरी स्कूल कोदागांव के छात्र अखिल सेन का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर गुलदस्ता भेंट कर बधाई देकर श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश सेन ने कहा कि आपने अपने साथ साथ परिवार व सेन समाज को भी गौरवान्वित किया है। आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक चुनौती मिलेगी जिसे सामना करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। उन्होंने आगामी समाज की महासभा में 21 हजार नगद प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। इस अवसर पर कांकेर परिक्षेत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल सेन , अवध सेन, बसंत सेन, कमलेश सेन , विमल सेन , लिलेश सेन, चमन सेन उपस्थित थे।

## नौतपा में गरज-चमक के साथ हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून 16 वर्ष के बाद समय से पहले केरल पहुंचा। मानसून के पूर्व प्री-मानसून के प्रभाव से बस्तर में सप्ताह भर से बारिश का असर देखा जा रहा है। खासकर पिछले 4-5 दिनों से शाम को नियमित वर्षा होने से तापमान में कमी आने से लोगो को राहत मिली है। ज्येष्ठ मास में भीषण गर्मी और नवतपा का असर बस्तरवासियों को अनुभव नही हुआ। 25 मई से नवतपा प्रारम्भ हो चुका है,किंतु बस्तर में नवतपा में भीषण गर्मी तो दूर तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश का प्रभाव है।

इधर दक्षिण-पश्चिम मानसून भी 16 वर्ष के बाद समय के पहले आगमन हो चुका है। मानसून केरल तट से आगे बढ़ते महाराष्ट्र,बंगाल की खाड़ी, कर्नाटका पहुंचने के बाद तीन दिनों के भीतर छत्तीसगढ़ का पड़ोसी प्रांत आंध्रप्रदेश और तेलांगना पहुंचने के संकेत है। सोमवार को भी बस्तर संभाग मुख्यालय में लगभग पौने घण्टे झमाझम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक इस दौरान 24.4 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। बारिश का क्रम चलते रहने से अंचल में अधिकतम तापमान ने भी कमी आई। आज अधिकतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 33.8 दिसे दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होकर 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह आद्रता 75 और शाम होते-होते 98 प्रतिशत तक जा पहुंचा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर द्वारा जारी किए पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार मानसून अगले तीन दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, महाराष्ट्र के कुछ और भाग,कर्नाटक के बचे भाग,तेलंगाना के कुछ भाग,आंध्र प्रदेश,पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, उत्तर पूर्व में स्थित राज्यों के बचे भाग, और उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम के कुछ और भाग, में पहुंचने की संभावना है। चंद्रा के अनुसार एक कम दबाव का क्षेत्र मराठवाड़ा और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल मंडल तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### बस्तर में पर्यटन प्रबंधन का अधिकार ग्राम सभाओं को दिया जाए : संतु मौर्य

**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष संतु मौर्य ने कहा है कि पर्यटन प्रबंधन का अधिकार संविधान और कानून के तहत ग्राम सभाओं को सौंपा जाना चाहिए, ताकि स्थानीय समुदायों की सहभागिता और अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि बस्तर संभाग संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, जहां पर पेसा अधिनियम 1996 (राज्य सरकार द्वारा लागू नियम 2022 के अंतर्गत) और वन अधिकार मान्यता अधिनियम 2006 प्रभावी रूप से लागू हैं। इन दोनों कानूनों के तहत ग्राम सभाओं को संविधान की 11वीं अनुसूची में उल्लिखित विषयों पर कार्य करने और निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन गांवों को यह अधिकार प्राप्त हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
28 मई दिन बुधवार, समय 10.30 से 4 बजे तक
पता : राठौर मेडिकल स्टोर्स, होटल सुंदरम, मेन रोड, कांकेर
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी,
जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट



मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर